भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †5226

सोमवार, 03 अप्रैल, 2023/13 चैत्र, 1945 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम बंगाल में पर्यटन का विकास

†5226. श्री सुनील कुमार मंडलः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस वर्ष 2022-23 स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत पश्चिम बंगाल के बेलूरमठ को छोड़कर पर्यटन के विकास हेतु बजट में से कुल व्यय का ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने अपनी स्वदेश दर्शन योजना के तहत वर्ष 2015-16 में 67.99 करोड़ रु. की राशि से पश्चिम बंगाल में 'बीच परिपथ के विकासः उदयपुर - दीघा - शंकरपुर - ताजपुर - मंदारमणि - फ्रेजरगंज - बक्खलाई - हेनरी द्वीप' परियोजना को स्वीकृति दी थी। पर्यटन मंत्रालय द्वारा 65.07 करोड़ रु. की राशि जारी की गई थी जिसका उपयोग कार्यान्वयन एजेंसी द्वारा कर लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत योजना दिशानिर्देशों में निर्दिष्ट निधि जारी करने संबंधी प्रक्रिया के अनुसार निधियाँ किश्तों में जारी की जाती हैं और राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को वर्ष-वार बजट आवंटित नहीं किया जाता है।

*****